आज का मौसम

अधिकतम 34° C
न्यूनतम 27° C
सूर्य अस्त (आज) 7:2
सूर्य उदय (कल) 5:30

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

अनमोल वचन

"दिन-रात अपने दिमाग को, उच्चकोटि के विचारो से भरो। जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अद्भुत होगा।"

वर्ष : 13 अंक : 292 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार
10 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने किया पुंछ जिले की अग्रिम सीमा चौकियों का दौरा



जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने आज पुंछ जिले की अग्रिम सीमा चौकियों का दौरा किया और मौजूदा सुरक्षा स्थिति तथा सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। पदभार ग्रहण करने के बाद सेना प्रमुख का पुंछ के अग्रिम क्षेत्रों का यह पहला दौरा है। सेना प्रमुख ने नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों से जम्मू क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति और सैन्य तैयारियों की जानकारी ली। सेना प्रमुख ने पुंछ ब्रिगेड मुख्यालय में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की। शीर्ष अधिकारियों ने सेना प्रमुख को समग्र सुरक्षा माहौल और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों की तैयारियों से अवगत कराया। सेना प्रमुख मंगलवार से जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की और कश्मीर की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुणे-मुंबई घाट में रेलवे बहाली के काम की समीक्षा की



पुणे-मुंबई(एजेंसी)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीरवार को पुणे-मुंबई घाट में रेलवे बहाली के काम की समीक्षा की। भूस्खलन भीषण था और रेलवे लाइन के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी भारी नुकसान हुआ है। मध्य रेलवे और पश्चिमी रेलवे की टीमें समन्वय से काम कर रही हैं।

श्री वैष्णव ने बताया कि एक लाइन बहाल कर दी गई है और रेलवे ने इस लाइन पर सभी ट्रेनों को दो इंजनों के साथ चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि टीमें जिला अधिकारियों और वन विभाग के साथ समन्वय कर रही हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत: मिला 'गार्ड ऑफ ऑनर', गूंजा राष्ट्रगान 'जन गण मन'



ऑस्ट्रेलिया(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान गुरुवार को मेलबर्न में उनका बेहद औपचारिक और भव्य स्वागत किया गया। गवर्नमेंट हाउस विक्टोरिया में आयोजित सेरेमोनियल कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस खास मौके पर ऑस्ट्रेलियाई सेना द्वारा पीएम मोदी को 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया, जिसके तुरंत बाद वहां भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' गूंज उठा।


**पूर्व पीएम स्कॉट मॉरिसन से मुलाकात और सीईओ फोरम को संबोधन:** अपने व्यस्त दौरे के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कहट महरिसन से भी मुलाकात की। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (ट्विटर) पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'स्कॉट मॉरिसन से मिलकर हमेशा अच्छा लगता है। भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती को लेकर हमारे बीच बेहद सकारात्मक बातचीत हुई।'

इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने 'भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम' में शिरकत की। साल 2012 से सक्रिय इस फोरम को 2023 में पीएम मोदी और अल्बनीज ने दोबारा लॉन्च किया था। इस मंच से पीएम मोदी ने दोनों देशों के बड़े बिजनेस लीडर्स को संबोधित करते हुए व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर जोर दिया। यह फोरम हर साल दोनों देशों के प्रमुखों को आर्थिक समृद्धि बढ़ाने के उपायों पर सलाह देता है।

**तीसरे वार्षिक समिट की सह-अध्यक्षता और भारतीय समुदाय से संवाद :** प्रधानमंत्री मोदी अपने इस दौरे पर पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ तीसरे वार्षिक समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन से भी मुलाकात करेंगे।

इंडोनेशिया का दौरा संपन्न कर ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम मोदी का मेलबर्न में प्रवासी भारतीयों ने ऐतिहासिक स्वागत किया। स्थानीय समयानुसार बुधवार देर शाम कड़ाके की ठंड के बावजूद भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग उनके होटल के बाहर जुटे। 'भारत माता की जय' और 'मोदी-मोदी' के गगनभेदी नारों के बीच पीएम मोदी ने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को उत्सव में बदल दिया। पीएम मोदी ने इस स्वागत को 'कभी न भूलने वाला' बताते हुए प्रवासी भारतीयों का आभार व्यक्त किया।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए नकदी रहित स्वास्थ्य योजना शुरू की



उत्तर प्रदेश(एजेंसी)।उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए नकदी रहित स्वास्थ्य योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से 'मुख्यमंत्री शिक्षक नकदीरहित चिकित्सा योजना' का शुभारंभ किया, जिसके तहत 15 लाख से अधिक शिक्षण कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक का चिकित्सा उपचार मिलेगा।

इस योजना के अंतर्गत, राज्य भर के शिक्षकों और उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक की नकदीरहित चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े लगभग 15 लाख शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे। नियमित शिक्षकों के अलावा, इस योजना से शिक्षा मित्रों (पैरा-टीचर), प्रशिक्षकों, रसोइयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा।

शिक्षकों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा की रक्षा करने के अपने वादे को पूरा किया है। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा और बीमा कार्यक्रम देश में अपनी तरह की पहली पहल है।

इस योजना के तहत, संविदा कर्मचारियों को, जिनका मासिक वेतन 10,000 रुपये से अधिक है, 30 लाख रुपये से 80 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा। स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में, 30 लाख रुपये से 80 लाख रुपये तक का बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा, जबकि आंशिक दिव्यांगता के लिए 15 लाख रुपये से 40 लाख रुपये तक का कवर उपलब्ध होगा। इस योजना में हवाई दुर्घटना बीमा भी शामिल है, साथ ही अप्रत्याशित दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा और बेटियों के विवाह के लिए अतिरिक्त लाभ भी दिए गए हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## दिल्ली : डीएमआरसी ने इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने वीरवार को सराय रोहिल्ला मेट्रो स्टेशन निर्माण स्थल पर इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस परियोजना के पहले चरण की शुरुआत सराय रोहिल्ला मेट्रो स्टेशन पर डायफ्राम वहल निर्माण कार्य से की गई। इस अवसर पर श्रीमती गुप्ता ने कहा कि दिल्ली मेट्रो केवल एक परिवहन व्यवस्था नहीं, बल्कि विकसित दिल्ली की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राजधानी में मेट्रो नेटवर्क का निरंतर विस्तार नागरिकों को सुरक्षित, तेज, सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

दिल्ली मेट्रो ने बताया कि लगभग 12 किलोमीटर लंबे इस कहरिडोर में मैजेंटा लाइन पर 10 भूमिगत स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही, यह कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की सात प्रमुख लाइनों से जुड़कर राजधानी की कनेक्टिविटी का विस्तार करेगा। कहरिडोर का कार्य पूरा होने पर यह सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली सचिवालय, अरुण जेटली स्टेडियम, झंडेवालान मंदिर, इंडिया गेट, कर्तव्य पथ और सेंट्रल विस्टा एरिया जैसे महत्वपूर्ण स्थानों तक कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा।

इस विस्तार के पूरा होने के बाद मैजेंटा लाइन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का सबसे लंबा कॉरिडोर बन जाएगी। यह कॉरिडोर बॉटेनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक लगभग 89 किलोमीटर लंबा होगा और पूरी तरह ड्राइवरलेस मेट्रो सेवा के रूप में संचालित किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा हिमाचल प्रदेश में आईसीएमआर के 'हाई एल्टीट्यूड मेडिसिन और पब्लिक हेल्थ रिसर्च' सेंटर की आधारशिला रखेंगे




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शनिवार को हिमाचल प्रदेश के केलोंग में इंडियन काउंसिल अहफ मेडिकल रिसर्च के 'हाई एल्टीट्यूड मेडिसिन और पब्लिक हेल्थ रिसर्च' सेंटर की आधारशिला रखेंगे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि यह सेंटर पूरे भारत के हिमालयी क्षेत्र में जलवायु-अनुकूल हेल्थकेयर और बायोमेडिकल रिसर्च को मजबूत करेगा। यह केलोंग में आईसीएमआर के मौजूदा फील्ड स्टेशन को रिसर्च, इनोवेशन और क्षमता निर्माण के लिए एक पूरी तरह से विकसित, मल्टी-डिसिप्लिनरी हब में अपग्रेड करेगा । यहभारत के ज़्यादा ऊंचाई वाले और जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों पर केंद्रित होगा।

मंत्रालय ने बताया कि केलोंग सेंटर कई तरह के रिसर्च क्षेत्रों में दृ जैसे ज़्यादा ऊंचाई पर शरीर की कार्यप्रणाली और अनुकूलन, माँ और बच्चे की सेहत और आपदा चिकित्सा दृ स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकने वाले समाधान तैयार करेगा। यह मुश्किल से पहुँचने वाले इलाकों में सेवाएँ बेहतर बनाने के लिए डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म, टेलीमेडिसिन, ड्रोन-आधारित हेल्थकेयर लहजिस्टिक्स और रियल-टाइम पब्लिक हेल्थ सर्विलांस को भी एक साथ लाएगा। उम्मीद है कि यह आदिवासी स्वास्थ्य, आपदा की तैयारी और डिजिटल हेल्थ इनोवेशन में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का समर्थन करेगा, साथ ही ज़्यादा ऊंचाई वाली चिकित्सा पर वैश्विक रिसर्च में भी योगदान देगा।


यह सेंटर आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विसेज, डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, हिमाचल प्रदेश सरकार और देश-विदेश के एकेडमिक और रिसर्च संस्थानों के साथ संस्थागत सहयोग स्थापित करेगा। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य रिसर्च में सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन और जलवायु-अनुकूल, समावेशी स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए सरकार के व्यापक प्रयासों को आगे बढ़ाती है।

## अमेरिका ने सीरिया को आतंकवाद प्रायोजक देशों की सूची से हटाने का फैसला किया



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा को पत्र लिखकर बताया है कि उन्होंने सीरिया को आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की अमरीकी सूची से हटाने का फैसला किया है। ट्रंप ने कहा कि इससे सीरिया के पुनर्निर्माण का रास्ता खुलेगा और अमरीकी कंपनियां वहां निवेश के लिए तैयार हैं। इस फैसले को लागू होने से पहले अमरीकी कांग्रेस 45 दिनों तक इसकी समीक्षा करेगी।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू नंदीयाल जिले के बानागनपल्ले गांव का करेंगे दौरा



आंध्र प्रदेश(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू वीरवार को नंदीयाल जिले के बानागनपल्ले गांव का दौरा करेंगे। वे राज्य सरकार के मी भूमि-मी हक्कू कार्यक्रम में भाग लेंगे और किसानों को नई पट्टादार पासबुक वितरित करेंगे।

इस दौरान, श्री नायडू एक जनसभा को संबोधित करेंगे और बानागनपल्ले तहसीलदार कार्यालय का दौरा करेंगे। वे बेथमचेरला मंडल के गुटुपल्ले गांव के किसानों की भूमि को प्रतिबंधित सूची से हटाने की प्रक्रिया का निरीक्षण भी करेंगे। मुख्यमंत्री बानागनपल्ले निर्वाचन क्षेत्र के 23 किसानों की 101 एकड़ भूमि को बिंदीदार भूमि श्रेणी से हटाने के आदेश जारी करेंगे।

मी भूमि-मी हक्कू कार्यक्रम के तहत, राज्य सरकार इस महीने के अंत तक 6 हजार 8 सौ से अधिक गांवों में पट्टादार पासबुक वितरित कर रही है।

# अमरीका ने ईरान पर हवाई हमले किए


अमरीका(एजेंसी)। अमरीका ने ईरान पर फिर हवाई हमले किए हैं। ये हमले राष्ट्रपति, डहनल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के फिर से किए गए हमलों को दोनों देशों के बीच, युद्धविराम की समाप्ति के बाद किए गए हैं। ट्रंप ने ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अमरीकी हमले, जवाबी कार्रवाई में किए गए थे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने फिर हमले किए तो अमरीका इसका और कड़ा जवाब देगा।

ईरान के मीडिया ने चाबहार, बंदर अब्बास, बुशहर और बंदर महशहर सहित कई दक्षिणी तटीय शहरों में विस्फोटों की सूचना दी है। अमरीकी केंद्रीय कमान ने कहा कि ईरान में कई रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया है।

ये हमले ईरान द्वारा बहरीन और कुवैत में अमरीका के सैन्य ठिकानों पर हमले के बाद हुए। ईरान का कहा है कि उसे होर्मुज जलडमरूमध्य नौवहन गतिविधियों को नियंत्रित करने का अधिकार है।

# समाधान शिविर में त्वरित समाधान: अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने सुनीं आमजन की समस्याएं

जीत समाचार ब्यूरो कुरुक्षेत्र। स्थानीय नए लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने स्वयं मौजूद रहकर आमजन की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निवारण के निर्देश दिए।



अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करना है। इसके साथ ही, शिविर में आने वाले नागरिकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी स्कीमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है ताकि वे इनका पूरा लाभ उठा सकें।

अधिकारियों को सख्त निर्देश :विवेक आर्य ने मौके पर मौजूद सभी विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि वे शिविर में आने वाली सभी शिकायतों का निपटारा तय समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोमवार और वीरवार को सुबह १० से १२ बजे तक आयोजन :मुख्य जानकारी: प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अब जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी किसी भी समस्या या शिकायत के निवारण के लिए निर्धारित दिनों और समय पर इन शिविरों में पहुँचकर इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# महेंद्रगढ़ को बड़ी सौगात: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी 13 नए स्वास्थ्य संस्थानों को मंजूरी

जीत समाचार हरियाणा/महेंद्रगढ़ (ब्यूरों)। महेंद्रगढ़ जिले के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से एक बड़ी और राहत भरी खबर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जिले के बुनियादी स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करते हुए कुल 13 स्वास्थ्य संस्थानों को मंजूरी दे दी है।

इस नई मंजूरी के तहत महेंद्रगढ़ जिले में 12 नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे। इसके साथ ही, ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए एक मौजूदा उप-स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया जाएगा। सरकार के इस कदम से जिले के ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर होंगी।

घर के नजदीक मिलेंगी आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं : इस ऐतिहासिक फैसले पर खुशी जताते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा राज्य सरकार प्रदेश के हर नागरिक, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके घर के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

ग्रामीणों में खुशी की लहर जिले में एक साथ 13 स्वास्थ्य संस्थानों की सौगात मिलने से स्थानीय निवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भारी खुशी है। अब ग्रामीणों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज और प्राथमिक उपचार के लिए दूर दराज के अस्पतालों या शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# करनाल में भूजल संकट से निपटने की बड़ी तैयारी: 38 हजार जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य

जीत समाचार करनाल ब्यूरो। लगातार गिरते भूजल स्तर को सुधारने और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जिला प्रशासन ने एक बेहद महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में 31 जुलाई तक जिले में कुल 27,000 जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का ऐतिहासिक रोडमैप तैयार किया गया।डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि इन सभी संरचनाओं का निर्माण केंद्र सरकार द्वारा तय मानकों और आकार के अनुसार ही किया जाए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके।विभागों को बांटे गए लक्ष्य: जानिए किसे कितना मिला जिम्माइस विशाल अभियान को समय पर पूरा करने के लिए जिला प्रशासन ने अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। विभाग का नामआवंटित लक्ष्य (संरचनाएं) नगर निगम10,000सिंचाई विभाग4,000 (ग्रामीण विकास एजेंसी)4,000 (हर ग्राम पंचायत में 10 संरचनाएं)मृदा संरक्षण विभाग2,000 एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण)2,000शिक्षा विभाग1,000पंचायती राज1,000जन स्वास्थ्य विभाग1,000वन विभाग 1,000 तय मानकों पर होगा कामबैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण के इस अभियान में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को आदेश दिए गए हैं कि वे आपसी समन्वय के साथ काम करें और तय समय सीमा के भीतर अपने-अपने लक्ष्यों को पूरा करें ताकि करनाल में वाटर टेबल (भूजल स्तर) को फिर से ऊपर उठाया जा सके।




# करनाल: समाधान शिविर में पहुंचे डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश




जीत समाचार करनाल (ब्यूरों)। जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडल स्तरों पर आयोजित समाधान शिविरों में वीरवार को जिला उपायुक्त (डीसी) डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने स्वयं मौजूद रहकर आमजन की समस्याएं सुनीं। डीसी ने मौके पर उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिविर में आई सभी शिकायतों का जल्द से जल्द और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

आज कुल 6 शिकायतें दर्ज, घरौंडा और असंध में रही शून्य। आज आयोजित हुए इन शिविरों में पूरे जिले से कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिला प्रशासन से मिले आंकड़ों के अनुसार करनाल मुख्यालय: सबसे अधिक 4 शिकायतें दर्ज की गईं। नीलोखेड़ी उपमंडल: यहाँ से 1 शिकायत सामने आई। इंद्री उपमंडल: इस क्षेत्र से भी 1 शिकायत प्राप्त हुई।

घरौंडा व असंध उपमंडल: इन दोनों उपमंडलों में आयोजित समाधान शिविरों में आज कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

मौके पर ही निपटारे की कोशिश : डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा लोगों को उनके घर के नजदीक ही त्वरित न्याय और राहत पहुंचाना है। इसलिए शिकायतों को लंबित रखने के बजाय प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा किया जाए ताकि जनता को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

# सम्पादकीय

संपादकीयः संपादक की कलम से

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - तकनीकी क्रांति या अस्तित्व का संकट?

आज के दौर में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' चर्चा का सबसे प्रमुख केंद्र बना हुआ है। कुछ लोग इसे मानव विकास की अगली छलांग मान रहे हैं, तो वहीं एक बड़ा वर्ग इसे नौकरियों के छिन जाने और मानवीय अस्तित्व के लिए खतरे के रूप में देख रहा है। यह सच है कि एआई का प्रभाव अभूतपूर्व है, लेकिन इसे देखने का नजरिया संतुलित होना चाहिए।

एआई ने डेटा विश्लेषण, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। जो जटिल गणनाएं पहले हफ्तों में होती थीं, वे अब सेकंडों में संभव हैं। हालांकि, इसके साथ ही 'ऑटोमेशन' को लेकर एक स्वाभाविक डर भी पैदा हुआ है। कई पारंपरिक नौकरियां अब मशीनों द्वारा की जा रही हैं। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब तकनीक ने नई करवट ली है, तब-तब पुराने काम बदले हैं, लेकिन नए और बेहतर अवसरों का सृजन भी हुआ है।

प्रश्न यह नहीं है कि क्या एआई हमारी जगह ले लेगा, बल्कि प्रश्न यह है कि हम खुद को इस नई तकनीक के साथ कितनी जल्दी ढाल सकते हैं। भविष्य उन लोगों का है जो 'रि-स्किलिंग' (कौशल विकास) पर ध्यान देंगे। एआई एक उपकरण (टूल) है, न कि मनुष्य का विकल्प। अंततः, मानवीय संवेदना, नैतिक निर्णय और रचनात्मकता ऐसी विशेषताएं हैं, जिन्हें कोई भी एल्गोरिदम प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। एआई को डर की दृष्टि से नहीं, बल्कि एक सहयोगी की तरह अपनाने में ही बुद्धिमानी है।

-कमल पवार




## शब्दों का जादूगर लेखक व्रजेंद्र गौड़
### लेखक : राजेश गौड़ और सुनील गौड़

व्रजेंद्र गौड़ रेडियो लखनऊ पर नाटक लिखा करते थे जब उन्हें अभिनेता मोतीलाल ने बॉम्बे बुलाया, गौड़ जी के नाटक ढाई लाख से मोतीलाल बहुत प्रभावित थे। उन्होंने गौड़ को अपनी फिल्म सावन लिखने को कहा यह फिल्म हिट हुई और इसके बाद गौड़ जी की बहुत सी फिल्म्स उस दौर की सफल रहीं जैसे संग्राम, परिणीता, कफिला, शमशीर जैसी अन्य सुपरहिट अशोक कुमार अभिनीत फिल्में आईं। सितारों से आगे, हावड़ा ब्रिज आदि।

24 साल तक व्रजेंद्र गौड़ फिल्म उद्योग का हिस्सा थे, जिसमें उन्होंने बिमल रॉय की परिणीता, संग्राम, चाइना टाउन, मंजिल, तीन देवियां, हावड़ा ब्रिज, सरस्वतीचंद्र, शर्मीली, लाल पत्थर, कटि पतंग, अनुराग अंखियों के झरोखों से, द ग्रेट गैम्बलर, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, आदि सफल फिल्में लिखीं फिल्म दुल्हन वही जो पिया मन भये के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ पटकथा और संवाद के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता।

गौड़ जी ने "कस्तूरी" नामक एक फिल्म का भी निर्देशन किया था जिसमें फिल्म निर्माता शक्ति सामंत उनके सहायक थे। कस्तूरी के अच्छा करने के बावजूद गौड़ जी ने फिर से एक भी फिल्म का प. निर्देशन नहीं किया । गौड़ ने कस्तूरी के बाद मिले निर्देशन के प्रस्तावों को शक्ति को सौंप दिया। जो हमेशा कहते थे की उनकी फिल्मी यात्रा और सफलता के लिए व्रजेंद्र गौड़ जिम्मेदार है

व्रजेंद्र गौड़ की देव आनंद से बहुत अच्छी दोस्ती हो गई और



इसलिए गौड़ ने देव आनंद की कई फिल्में जैसे की 'जाली नोट', 'मंजिल', 'बारिश', 'सरहद', 'तीन देवियां', 'बात एक रात की' वारंट, आदि लिखीं ।

देव आनंद ने एक बार कहा था, 'कई लेखक हैं लेकिन गौड़ एक दुर्लभ प्रतिबा था गौड़ ने मेरी बहुत सी फिल्में लिखीं जो सफल हुईं . व्रजेंद्र गौड़ मेरा प्यारा दोस्त था और एक महान लेखक

अभिनेता दिलीप कुमार कहते हैं "व्रजेंद्र गौड़ मेरे बहुत प्यारे दोस्त थे जिन्का निधन कम उमर में हो गया व्रजेंद्र गौड़ भाई लेखकों में एक असली हीरा थे"

अमिताभ बच्चन जी कहते हैं की गौड़ साहब के निधन से फिल्म इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा। वह मेरे करीबी दोस्त थे और में गौड़ साहब की बहुत इज्जत करता हूँ । अब ऐसे लेखक नहीं है इस लिए फिल्मों का स्तर गिर गया है

व्रजेंद्र गौड़ जन्मदिन : 1 अप्रैल

व्रजेंद्र गौड़ निधन : 6 अगस्त

लेखकः राजेश गौड़ और सुनील गौड़

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# पानी बचाने, वेस्ट मैनेजमेंट और सफाई पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन



जीत समाचार रईया। नगर पंचायत रईया के अध्यक्ष संजीव भंडारी और वार्ड नंबर 12 के पार्षद विशाल मन्ना के मार्गदर्शन में, वार्ड नंबर 12 के शहीद बाबा जीवन सिंह मोहल्ला, जंझ घर में पानी बचाने, वेस्ट मैनेजमेंट और सफाई पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

यह सेमिनार सचिव एस. बचित्तर सिंह, कुलविंदर कौर , कोमलप्रीत कौर (मोटिवेटर), गुरविंदर कौर और सखविंदर कौर (मोटिवेटर) के नेतृत्व में समाज सेवक सुखविंदर सिंह मत्तेवाल के सहयोग से आयोजित किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजीव भंडारी, पार्षद विशाल मनन, कुलविंदर कौर, समाज सेवक सुखविंदर सिंह मत्तेवाल, राकेश मनन, बीबी हरजीत कौर और एडवोकेट हेमदीप शर्मा ने पानी की हर बूंद बचाने, वेस्ट का सही मैनेजमेंट करने और अपने आस-पास साफ-सफाई रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साफ और हरा-भरा माहौल हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए लोगों को एक्टिव रोल निभाना चाहिए।इस मौके पर पार्षद सरबजीत सिंह मान और पार्षद राजिंदर सिंह रिखी ने भी अपने विचार शेयर किए और लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक रहने की अपील की। सेमिनार के दौरान मौजूद नागरिकों को मुफ्त पौधे भी बांटे गए और उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा पेड़ लगाने के लिए मोटिवेट किया गया। इस मौके पर श्री भूपिंदर सिंह (पूर्व सेक्रेटरी इंस्पेक्टर), संदीप कुमार बोबी, गुरदर्शन सिंह मान, बलदेव सिंह रंधावा, मनोज कुमार, बीबी गुरजीत कौर, मैडम राजन, सतबीर सिंह सूर्या, बलजिंदर सिंह केडी और श्री बलकार सिंह के साथ-साथ दूसरे गणमान्य लोग भी मौजूद थे। आखिर में, नगर पंचायत राया के प्रेसिडेंट संजीव भंडारी ने समाज सेवक सुखविंदर सिंह मत्तेवाल को समाज भलाई और पर्यावरण बचाने से जुड़े कैंपेन में हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया।

# जिला चुनाव अधिकारी ने एसआईआर का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने पर अशोक कुमार बीएलओ को सम्मानित किया।

## सही वोटर लिस्ट के लिए बीएलओ की भूमिका अहम : जिला चुनाव अधिकारी।



जीत समाचार बठिंडा। जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर श्री राजेश धीमान ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर) के दौरान 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा करने पर अशोक कुमार बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को सम्मानित किया। इस मौके पर बीएलओ अशोक कुमार के बेहतरीन प्रदर्शन की भी सराहना की गई। इस दौरान चुनाव तहसीलदार हरजिंदर कौर भी मौजूद थीं। जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि बीएलओ की कड़ी मेहनत, लगन और जिम्मेदाराना रवैये के कारण एसआईआर। वोटर लिस्ट के 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य समय पर हासिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट को सही और अपडेट रखने में बीएलओ की भूमिका बहुत अहम है। इस दौरान सम्मानित होने वाले बीएलओ अशोक कुमार को भविष्य में भी इसी जोश के साथ चुनाव कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि आने वाले चुनावों में भी पूरा इलेक्शन स्टाफ अपनी जिम्मेदारियों को पूरी लगन से निभाएगा।

श्री राजेश धीमान ने वोटरों से अपील की कि वे अपने काउंटिंग फॉर्म समय पर भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करें, ताकि बिना गलती वाली, ट्रांसपेरेंट और भरोसेमंद वोटर लिस्ट तैयार हो सके। उन्होंने दूसरे बीएलओ से भी अपील की कि वे अशोक के उदाहरण से प्रेरणा लें और स्पेशल डीप करेक्शन रिकॉर्ड का 100 परसेंट डिजिटलाइजेशन पक्का करने के लिए पूरी लगन से काम करें।







# फलदार पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों की सेहत सुधारेगा अपैक्स क्लब- सुरिंदर अग्रवाल


## 12 जुलाई को चेहलां के शिव मंदिर में लगाया जाएगा वृक्षारोपण कैंप, आँचल गोयल ने स्पांसर किए पौधे

जीत समाचार लुधियाना। अपैक्स क्लब ऑफ लुधियाना द्वारा पर्यावरण सुधार और आने वाली पीढ़ियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक विशेष वृक्षारोपण मुहिम शुरू की जा रही है। इसके तहत आगामी 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से समराला के पास स्थित चेहलां के मुकतेश्वर मुक्तिधाम शिव मंदिर परिसर में फलदार पौधे लगाए जाएंगे।



क्लब के लाइफ गवर्नर सुरिंदर अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फल इंसान की सेहत के लिए कुदरत का सबसे बड़ा तोहफा हैं। इनमें मौजूद विटामिन, फाइबर और पोषक तत्व शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसी महत्व को समझते हुए क्लब ने इस बार फलदार पौधे लगाने का फैसला किया है। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्य अपने परिवारों और बच्चों के साथ शामिल होंगे, ताकि नई पीढ़ी को भी वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया जा सके।

इस नेक कार्य में क्लब सदस्य आँचल गोयल और उनके परिवार द्वारा सभी फलदार पौधे स्पांसर किए गए हैं। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर कमेटी की ओर से लंगर की व्यवस्था भी की गई है।






# सुंदरनगर में कृषि विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न





जीत समाचार सुन्दरनगर (ब्यूरों)। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जेआईसीए-ओडीए, हमीरपुर के सौजन्य से किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में कृषि विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का विषय 'एप्लीकेशन ऑफ द गाइडलाइंस एंड चेकलिस्ट' रहा। प्रशिक्षण में प्रदेश के नौ जिलों से आए 15 इंजीनियरिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग के विशेषज्ञों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों ने संसाधन व्यक्ति के रूप में प्रतिभागियों को दिशानिर्देशों एवं चेकलिस्ट के प्रभावी उपयोग, गुणवत्ता नियंत्रण, निरीक्षण प्रक्रिया तथा विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। समापन समारोह में कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के उप-प्रधानाचार्य एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. जगदीश जंजीहा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों और कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ गुणवत्ता आधारित कार्य संस्कृति को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विकास अधिकारी अनूप शर्मा, राजेश कुमार और अशोक कुमार का विशेष सहयोग रहा। वहीं प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा तथा डॉ. सुधीर कुमार ने भी तकनीकी विषयों और उनके व्यवहारिक क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए आयोजकों, विशेषज्ञ वक्ताओं और प्रशिक्षण से जुड़े सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# शानदार उपलब्धि: घुमारवीं की पूर्व छात्रा महिमा शर्मा बनीं वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर, स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत



जीत समाचार ब्यूरो रिपोर्ट, घुमारवीं ।हिमाचल प्रदेश की बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे देश की रक्षा और ऊंचे आसमानों को छूने में किसी से पीछे नहीं हैं। शिमला जिले के कुमारसैन की रहने वाली और घुमारवीं के मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की वर्ष 2017–18 बैच की पूर्व छात्रा महिमा शर्मा ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर पूरे प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

एएफसीईटी परीक्षा पास कर हासिल किया मुकाम: महिमा शर्मा ने कड़े परिश्रम से एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने एयर फोर्स अकादमी, डुंडीगल (हैदराबाद) में अपनी कठिन सैन्य ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक पूरा किया। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद 15 दिसंबर 2025 को उन्होंने एयर फोर्स स्टेशन जोधपुर में फ्लाइंग अफ़सर के रूप में अपनी आधिकारिक सेवाएं शुरू कर दी हैं।

विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत और छात्रों का मार्गदर्शन :फ्लाइंग ऑफिसर बनने के बाद हाल ही में जब महिमा शर्मा अपने पुराने विद्यालय पहुंचीं, तो वहां के शिक्षकों, प्रबंधन और छात्र-छात्राओं ने उनका गर्मजोशी से और भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों के साथ एक विशेष संवाद सत्र में हिस्सा लिया और अपनी इस गौरवमयी सफलता की यात्रा साझा की।

विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महिमा ने कहा: जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत, अटूट आत्मविश्वास और लगातार किया गया प्रयास ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने युवाओं को भारतीय वायुसेना में करियर के शानदार अवसरों की जानकारी दी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स साझा करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

प्रबंधन ने जताया गर्व : इस अवसर पर मिनर्वा स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल और स्कूल प्रबंधन ने महिमा शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि महिमा की यह असाधारण उपलब्धि स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक महान प्रेरणास्रोत का काम करेगी। उन्होंने पूरी टीम की तरफ से महिमा के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य की कामना की।

# शाहपुर में 1.87 ग्राम चिट्टा सहित दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े



जीत समाचार शाहपुर। जिला कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहपुर क्षेत्र से 1.78 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को पुलिस थाना शाहपुर की टीम द्रम्मण क्षेत्र में नियमित गश्त एवं वाहन चेकिंग पर थी। इसी दौरान एचडीएफसी बैंक के समीप सर्विस रोड पर एक मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया। पुलिस को देखकर बाइक के पीछे बैठे युवक ने अपने कब्जे से एक संदिग्ध पुड़िया सड़क पर फेंक दी तथा उसे पैर से छिपाने का प्रयास किया।

पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली, जिसमें उक्त पुड़िया से 1.78 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ।

आरोपियों की पहचान नीरज राणा (25) निवासी गांव सुधेड़ तथा साहिल (26) निवासी गांव घरोह, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है।

पुलिस थाना शाहपुर में दोनों आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर संख्या 72/2026 के तहत धारा 21, 25 एवं 29, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को धारा 35(3), बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

जिला कांगड़ा पुलिस ने कहा है कि नशे के विरुद्ध अभियान भविष्य में भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा। अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# बिलासपुर में नशे पर पुलिस का शिकंजा, 4.85 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार



जीत समाचार बिलासपुर। जिला बिलासपुर में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरमाणा पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना बरमाणा की टीम ने पुराने सलापड़ पुल के समीप नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 4.85 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 जुलाई 2026 को बरमाणा थाना पुलिस पुराने सलापड़ पुल के समीप नियमित नाकाबंदी एवं वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.85 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरदयाल सिंह (35) पुत्र रोशन लाल, निवासी गांव सलापड़, डाकघर सुदाहन, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना बरमाणा में अभियोग संख्या 87/2026, दिनांक 8 जुलाई 2026, के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद चिट्टा कहां से लाया गया था तथा इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी।

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर अभिषेक धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह का फोन हैक, मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को किया सावधान




जीत समाचार ब्यूरो रिपोर्ट शिमला। हिमाचल प्रदेश से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की माता और पूर्व सांसद श्रीमती प्रतिभा सिंह का फोन हैक हो गया है। इस बात की जानकारी खुद मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से सांझा की है।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दी चेतावनी : कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और आम जनता को इस संबंध में तुरंत सचेत किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि असामाजिक तत्वों द्वारा उनकी माता व पूर्व सांसद का फोन हैक कर लिया गया है, जिससे किसी भी तरह के दुरुपयोग की संभावना बनी हुई है।

पैसों की मांग को करें नजरअंदाज : मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए लिखा है कि यदि आगामी कुछ घंटों या दिनों में श्रीमती प्रतिभा सिंह के नंबर या उनके नाम से किसी भी व्यक्ति को कोई संदेश आता है या पैसों की मांग की जाती है, तो उसे पूरी तरह से नजरअंदाज करें। डिजिटल फ्रहड के बढ़ते मामलों को देखते हुए उन्होंने सभी को सतर्क रहने की सलाह दी है।

माना जा रहा है कि इस गंभीर सुरक्षा चूक को लेकर जल्द ही साइबर क्राइम सेल और पुलिस प्रशासन में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई जाएगी, ताकि हैकर्स का पता लगाया जा सके। तब तक के लिए सभी से किसी भी संदिग्ध कहल या मैसेज पर विश्वास न करने की अपील की गई है।

# ढेडा (टुटू) रोड पर सड़क हादसा, दोनों तरफ से यातायात ठप



जीत समाचार शिमला/टुटू। धांदा रोड (ढेडा-टुटू मार्ग) पर एक सड़क हादसा होने के कारण मार्ग को दोनों तरफ से यातायात के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया है।

वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें: प्रशासन ने यात्रियों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए फिलहाल इस मार्ग पर न जाएं और वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें।

बहाली के प्रयास जारी: संबंधित विभाग और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं और सड़क को जल्द से जल्द बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे इस ओर यात्रा शुरू करने से पहले मार्ग की ताजा स्थिति की जानकारी जरूर ले लें।

सत्यमेव जयते

HIMACHAL PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

ADVERTISEMENT NOTICE

HPPSC

No. 4-8/2026-PSC (R-III)

Dated:- 09.07.2026

Online Recruitment Applications (ORA*) are invited from desirous and eligible candidates for recruitment to the following post(s) through ORA, which shall be available on the Commission's website www.hppsc.hp.gov.in/hppsc from 10.07.2026 (12:01 AM onwards) up to 06.08.2026 till 11:59 P.M. thereafter link will be disabled.

| Sr. No. | Department | Advertisement No. | Name of the Post(s) | Pay Scale | No. of Post(s) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | HP POLICE DEPARTMENT | 57/7-2026 | Police Constable (Male) | Level 3 ( Rs. 20,200-64,000) | Total=491 (UR=140, WFF=09 (06+03 Backlog), UR Home Guards=38, SC UR=68, SC WFF=19 (03+16 Backlog), SC BPL=17, SC Home Guards=18, ST UR=13, ST BPL=06, ST Home Guards=04, OBC UR=54, OBC WFF=16 (03+13 Backlog), OBC BPL=17, OBC Home Guards=15, EWS=48 and EWS Home Guards=09) |
| 02 | | 58/7-2026 | Police Constable (Female) | Level 3 ( Rs. 20,200-64,000) | Total=243 (UR=60, UR WFF=03 (02+01 Backlog), UR Ward of Ex-SM=22, UR Home Guards=16, SC UR=28, SC WFF=07 (02+05 Backlog), SC BPL=08, SC Ward of Ex-SM=07, SC Home Guards=08, ST UR=05, ST BPL=03, ST Ward of Ex-SM=02, ST Home Guards=02, OBC UR=24, OBC WFF=06 (01+05 Backlog), OBC BPL=07, OBC Ward of Ex-SM=05, OBC Home Guards=06, EWS=20 and EWS Home Guards=04) |

Applications received through any other mode will not be accepted and will be rejected straightaway. Essential qualification(s), eligible conditions and examination fees etc., have been mentioned in the detailed advertisement. Instruction for filling up online recruitment application is available on the above referred website.

NOTE: Candidates are advised to fill up the online application form with due care as no correction will be allowed in the online application form once submitted. The candidates submitting their online application form through cyber café or Lok Mitra Kenderas etc. are directed to go through the application form carefully before its final submission.

IMPORTANT DATES
Application Start Date
10.07.2026 (12:01 AM onwards)
Last Date to Apply
06.08.2026 (till 11:59 P.M.)

WEBSITE
www.hppsc.hp.gov.in/hppsc

Sd/-
(Nivedita Negi), IAS,
Secretary,
H.P. Public Service Commission
Telephone No. 0177-2623786

* ORA: Online Recruitment Applications